दिन– रविवार दिनांक– 26 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के साथ ही दूसरे चरण के लिए प्रचार जोर पकड़ रहा है। राजद, कांग्रेस, जदयू और भाजपा सहित अन्य पार्टियों के नेताओं ने विभिन्न जिलों में चुनाव प्रचार किया।

02 राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा– अगर महागठबंधन की सरकार बनती है तो पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय दोगुना किया जायेगा। भाजपा ने कहा– लोगों को गुमराह करने की हो रही है कोशिश।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच गहरी एकता का प्रतीक है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छठ व्रत रखने वाली महिलाओं की भक्ति को प्रेरणादायक बताया।

04. और, लोक आस्था का महापर्व छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान कर रहे हैं। कल अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।

————————————————————————

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के साथ–साथ दूसरे चरण के चुनाव के लिए भी प्रचार जोर पकड़ने लगा है। पहले चरण के लिए छह नवंबर को एक सौ इक्कीस और दूसरे चरण के लिए ग्यारह नवंबर को एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। महागठबंधन की ओर से आज राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी ने सीमांचल क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। कटिहार के आजमनगर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी सरकार बनती है तो वक्फ कानून को हटाया जाएगा।

———बाईट———

————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने आरोप लगाया है कि जंगलराज वाले संसद से पारित वक्फ कानून के बारे में जनता को गुमराह कर रहे हैं। श्री हुसैन ने आज दिल्ली में तेजस्वी यादव के वक्फ कानून को हटाने के बयान पर कहा कि राजद चुनाव में अपनी निश्चित हार को देखते हुये बौखला गयी है।

———बाईट———

————————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन कई तरह के वादे कर रहे हैं। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के

उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज पटना में कहा कि अगर उनका गठबंधन सत्ता में आता है, तो पंचायती राज प्रतिनिधियों को पचास लाख रुपये का बीमा कवरेज दिया जाएगा।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––

भाजपा ने तेजस्वी यादव के इस बयान की कड़ी आलोचना की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि चुनाव में अपनी हार को देखते हुए तेजस्वी यादव इस तरह की घोषणा कर रहे हैं। श्री प्रसाद ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि राजद के शासनकाल में भ्रष्टाचार और लूट के अलावा कोई काम नहीं हुआ।

–––बाईट–––

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने गोपालगंज में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा कि एनडीए चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करेगा। श्री तिवारी ने आरोप लगाया कि महागठबंधन सिर्फ सत्ता के लिए बना एक स्वार्थी गठबंधन है। इधर जदयू, लोजपा रामविलास, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अलावा वाम दल, जन सुराज पार्टी और अन्य दलों के नेता और स्टार प्रचारकों ने अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

––––––––––––––––––––––––––––––––

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो नवम्बर को पटना में रोड शो करेंगे। भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने आज कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। इससे पहले श्री मोदी तीस अक्टूबर को छपरा और मुजफ्फरपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने एनडीए से मांग की है कि वे अपने मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करे। श्री खेड़ा ने आज पटना में कहा कि महागठबंधन ने आपसी सहमति से मुख्यमंत्री उम्मीदवार का नाम घोषित कर दिया है, लेकिन एनडीए वाले हार के डर से ऐसा नहीं कर रहे हैं।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की सांसद शाम्भवी चौधरी ने कहा है कि उनकी पार्टी का प्रचार तेजी चल रहा है। लोजपा नेत्री ने दावा किया कि एनडीए गठबंधन इस चुनाव में रिकॉर्ड जीत हासिल करेगा।

———बाईट———

————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने आगामी बिहार चुनाव में एग्जिट पोल पर रोक लगाने के लिए एक परामर्श जारी किया है। आयोग ने कहा है कि छह नवम्बर को सुबह सात बजे से ग्यारह नवम्बर को शाम साढ़े छह बजे के बीच प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से एग्जिट पोल प्रकाशित या प्रसारित नहीं किया जा सकता है।

————————————————————————

———म्यूजिक———

लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान कर रहे हैं। शाम होते ही व्रतियों ने भगवान भास्कर को भोग लगाया और प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद छठ व्रतियों का छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया है। कल अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। मंगलवार को उगते हुये सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ महापर्व सम्पन्न हो जायेगा। छठ को लेकर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में माहौल भक्तिमय हो गया है। छठ गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान है। इस बार पटना में एक सौ दो गंगा घाटों के अलावा तिरेसठ तालाबों और पैंतालीस पार्कों में अर्घ्य देने की व्यवस्था की गई है। पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. ने बताया कि छठ को लेकर पूरे जिले में सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। घाट से लेकर सड़क और छठव्रतियों के आने–जाने वाले सभी मार्गों समेत दो सौ पांच स्थानों पर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। घाटों पर पर्याप्त संख्या में मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की तैनाती की गयी है।

विभिन जिलों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि छठ का उत्साह देखते ही बन रहा है। हमारे औरंगाबाद संवाददाता ने बताया कि देव स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर में स्थानीय लोगों के साथ ही पड़ोसी राज्यों से भी हजारों श्रद्धालु महापर्व छठ का अनुष्ठान करने पहुंचे हैं। इधर, पटना जिले में बाढ़ स्थित पुण्यार्क मंदिर, मसौढ़ी अनुमंडल स्थित सूर्य मंदिर और दुल्हिन बाजार के उलार सूर्य मंदिर में बड़ी संख्या में छठ व्रती पहुंच रहे हैं। राज्य के विभिन्न जेलों में कई कैदी भी छठ महापर्व का अनुष्ठान कर रहे हैं। जेल प्रशासन की ओर से इस संबंध में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

———म्यूजिक———

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतीक है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज का प्रत्येक वर्ग छठ घाटों पर एक साथ आकर भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है।

———बाईट———

छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतिबिंब है। छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है। मैं छठी मैया को नमन करता हूँ। सभी देशवासियों को, विशेषकर बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएँ देता हूँ।

————————————————————————

छठ महापर्व के अवसर पर सांध्यकालीन अर्घ्य और प्रातकालीन अर्घ्य का आकाशवाणी से आंखों देखा हाल प्रसारित किया जायेगा। आकाशवाणी, पटना से अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य का आंखों देखा हाल कल पटना में गंगा नदी के दीघा घाट से संध्या चार बजे से संध्या साढे पांच बजे तक प्रसारित किया जायेगा। वहीं, प्रातःकालीन अर्घ्य का आंखों देखा हाल मंगलवार को भागलपुर के गंगा तट से सुबह पांच बजे से सुबह साढ़े छह बजे तक आकाशवाणी के भागलपुर केंद्र द्वारा किया जायेगा। संध्याकालीन अर्घ्य के जीवंत प्रसारण के कारण कल शाम चार बजे और शाम पांच बजे का रेनबो पर नियमित चुनाव बुलेटिन का प्रसारण नहीं होगा।

————————————————————————

छठ पर्व को लेकर रेलवे ने विशेष प्रबंध किये हैं। दिल्ली, मुम्बई और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से बिहार आने वाले यात्रियों के लिये विशेष ट्रेने चलायी जा रही है। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बताया कि छठ पर्व के दौरान बिहार और पूर्वांचल क्षेत्र के तीस रेलवे स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं।

———बाईट———

रेलवे की ओर से चलायी जा रही विशेष ट्रेनों से सफर कर रहे यात्रियों ने बताया कि रेलवे ने बेहतरीन व्यवस्था की है।

———बाईट———

————————————————————————

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव क्षेत्र अगले चौबीस घंटों के दौरान चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। इसके प्रभाव से राज्य के अनेक स्थानों पर उनतीस से इकतीस अक्टूबर के बीच भारी बारिश की सम्भावना जतायी गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार उनतीस अक्टूबर को बांका, जमुई, कैमूर, भागलुपर, नवादा और

मुंगेर जिलों के एक –दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी सम्भावना है।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के साथ ही दूसरे चरण के लिए प्रचार जोर पकड़ रहा है। राजद, कांग्रेस, जदयू और भाजपा सहित अन्य पार्टियों के नेताओं ने विभिन्न जिलों में चुनाव प्रचार किया।

02 राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा– अगर महागठबंधन की सरकार बनती है तो पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय दोगुना किया जायेगा। भाजपा ने कहा– लोगों को गुमराह करने की हो रही है कोशिश।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच गहरी एकता का प्रतीक है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छठ व्रत रखने वाली महिलाओं की भक्ति को प्रेरणादायक बताया।

04. और, लोक आस्था का महापर्व छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान कर रहे हैं। कल अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।